# इरेडा के सीएमडी तेलंगाना में सौर विनिर्माण संयंत्र के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए




महेश्वरम, हैदराबाद, 29 जुलाई 2021

श्री के टी रामा राव, नगरपालिका प्रशासन और शहरी विकास, उद्योग, एवं आईटी और वाणिज्य मंत्री, तेलंगाना सरकार ने आज ई-सिटी में प्रीमियर एनर्जी द्वारा स्थापित सोलर सेल और मॉड्यूल विनिर्माण इकाई का उद्घाटन किया। श्री प्रदीप कुमार दास, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी), इरेडा ने विनिर्माण संयंत्र जिसकी 750 मेगावाट सोलर सेल और 750 मेगावाट सोलर मॉड्यूल की क्षमता है, के उद्घाटन समारोह में भाग लिया।

इस उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए, श्री दास ने कहा कि इरेडा ने आरई परियोजनाओं की स्थापना के लिए प्रीमियर एनर्जी को 888 करोड़ रुपये (लगभग) का ऋण प्रदान किया है। यह इरेडा के सबसे पुराने ग्राहकों में से एक है, जिसका ऋण किस्तों को समय पर भुगतान करने का उत्कृष्ट ट्रैक रिकॉर्ड है।

अगले पांच वर्षों के लिए कंपनी और आरई क्षेत्र की भविष्य की योजनाओं पर बोलते हुए, श्री दास ने कहा कि इरेडा को अपनी ऋण बुक में आरई क्षेत्र में संपूर्ण मूल्य श्रृंखला के वित्तपोषण के साथ, वित्तीय वर्ष 2026 तक 28,000 करोड़ रूपये (लगभग) से 1,35,000 करोड़ रूपये (लगभग) रुपये पांच गुना वृद्धि होने की उम्मीद है। वर्ष 2030 तक अक्षय ऊर्जा से 450 गीगावट हासिल करने के भारत सरकार के लक्ष्य के अनुरूप है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया

कि इरेडा की ऋण बुक में तेलंगाना की हिस्सेदारी लगभग 15% है, जोकि तेलंगाना में आरई के विकास के लिए इरेडा के अपार योगदान को दर्शाता है ।

इसके अलावा, श्री दास ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि आरई क्षेत्र में मातृत्व संगठन के रूप में, इरेडा विभिन्न अभिनव वित्तपोषण उत्पादों, नीतियों के विकास और विभिन्न सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन के माध्यम से आरई क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) की नोडल एजेंसी के रूप में इरेडा, भारत सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाएं जैसे 12,000 मेगावाट सीपीएसयू फेज - II  सोलर प्रोजेक्ट स्कीम और सौर विनिर्माण क्षेत्र के लिए 4,500 करोड़ रूपये की उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को सफलतापूर्वक कार्यान्वित कर रहा है।

चिरकाल तक आरई के विकास लिए एक बेहतर पारिस्थितिकी तंत्र के लिए वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए, इरेडा के सीएमडी ने ऊर्जा क्षेत्र के मूल्य श्रृंखला में ईमानदारी पूर्वक महत्वपूर्ण सुधार कार्य करने के महत्व पर भी प्रकाश डाला, जिसका उद्देश्य है-  विद्युत के क्षेत्र में निरंतर विकास के लिए अनुकूल परिस्थिति सृजन करना।

अपने संबोधन का समापन करते हुए, श्री दास ने प्रीमियर एनर्जी कंपनी को प्रगति के लिए शुभकामनाएं दीं।